Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **सवाईमाधोपुर में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग का वरिष्ठ सहायक 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**

जयपुर, *12 जुलाई, शुक्रवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की सवाईमाधोपुर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **हरिओम गोयल वरिष्ठ सहायक, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, ग्रामीण उपखण्ड, सवाईमाधोपुर** को परिवादी से **10 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए. सी.बी. की सवाईमाधोपुर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसके पिताजी के पीएल के जमा पैसे पास करवाने एवं सेवानिवृति संबंधी कार्यो को करवाने की एवज में आरोपी हरिओम गोयल, वरिष्ठ सहायक, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, ग्रामीण उपखण्ड, सवाईमाधोपुर द्वारा **10 हजार रूपये** रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी जयपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री कालूराम रावत** के सुपरवीजन में एसीबी की सवाईमाधोपुर इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सुरेन्द्र शर्मा** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनके द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी हरिओम गोयल वरिष्ठ सहायक, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, ग्रामीण उपखण्ड, सवाईमाधोपुर को परिवादी से **10 हजार रूपये** की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी जयपुर की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***हैल्पलाईन नं.*** **1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.*** **94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**